दबोचा गया 10 हजार का इनामी आरोपित

जासं ● श्रावस्ती : इकौना पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान फरार चल रहे किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म करने वाले इनामी आरोपित को दबोच लिया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित घटना के बाद से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को इकौना थाने के अपराध निरीक्षक अश्वनी कुमार दुबे टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना पर फरार चल रहे इकौना के चिचड़ी के ढफालीपुरवा निवासी इनामी आरोपित रूवाब अली को नवीन गल्ला मंडी भिनगा रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में अपराध निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे, उपनिरीक्षक राम प्रसाद यादव, मुख्य आरक्षी राम सिंह व आरक्षी शेषराम वर्मा शामिल रहे।